एक नजर में

स्वच्छ मुख अभियान चलाएगा रोटरी क्लब ऑफ इंदौर सेंट्रल

इंदौर. रोटरी इंटरनेशनल देश में ही नहीं विश्व स्तर पर भी सेवा कार्य करता है. रोटरी क्लब द्वारा पोलियो बीमारी के उन्नमूलन के लिए किया गया कार्य माइलस्टोन है. अब इंदौर शहर में रोटरी क्लब ऑफ इंदौर सेंट्रल एक मोबाइल वैन चलायेगा, जिसमें शुद्ध पानी होगा. यह बात रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3040 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुशील मल्होत्रा ने अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान कही. आयोजन रोटरी क्लब ऑफ इंदौर सेंट्रल ने महादेवी वर्मा पुस्तकालय सभागृह में किया था. डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मल्होत्रा ने आगे कहा कि रोटरी के सदस्य जनसेवा में कभी पीछे नही रहते है. सहमंडलाध्यक्ष अनंत हातिम ने क्लब की सराहना की. प्रवीण जोशी ने बताया कि रोटरी क्लब ऑफ इंदौर सेंट्रल के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र दिल्लीवाल ने कहा कि क्लब के सदस्यों की संख्या में इजाफा हुआ है. आने वाले दिनों में रोटरी क्लब बड़े पैमाने पर स्वच्छ मुख अभियान चलायेगा, जिसमे करीब डेढ़ लाख लोग लाभांवित होंगे. विशेषकर स्कूल - कॉलेज के बच्चों को अभियान से जोड़ा जायेगा. क्लब सचिव पुरुषोत्तम वाघमारे ने रोटरी क्लब द्वारा बीते 6 माह मे किये गए सेवा कार्यो की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि क्लब ने स्वास्थ जांच शिविर, जल संवाद, पौधारोपण, व्याख्यान आदि कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किये. इस अवसर पर क्लब के सचिव पुरुषोत्तम वाघमारे को उनकी उत्कृष्ट रोटरी सेवाओ के लिए रोटरी इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुशील मल्होत्रा ने मोमेंटो, माला और अंगवस्त्र पहनाकर उनका सम्मान किया. इस मौके पर क्लब की प्रथम महिला रूबी मल्होत्रा और सुशील मल्होत्रा ने क्लब के सीनियर सदस्यों कमल किशोर भुराडिया, डॉ. डी के तनेजा, शांता पारेख, श्याम खंडेलवाल आदि का सम्मान माला और दुपट्टा पहनाकर किया गया. रोटे. रमेश तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किये. अतिथि स्वागत आशित राजकोटिया, हर्षवर्धन लिखिते, अर्चना चोपड़ा ने किया. संचालन विनोद नेमा ने किया. आभार माना पर्यावरणविद सुधींद्र मोहन शर्मा ने.

झंडा ऊंचा रहे हमारा अभियान का शुभारंभ आज से

इंदौर. गणतंत्र दिवस पर झंडा ऊँचा रहे हमारा अभियान की प्रवर्तक संस्था सेवा सुरभि के तत्वावधान में जिला प्रशासन, इंदौर पुलिस, नगर पालिक निगम और इंदौर विकास प्राधिकरण की सहभागिता में अभियान का शुभारंभ 15 जनवरी को दोपहर 3 बजे रेसकोर्स रोड स्थित बास्केटबाल काम्प्लेक्स पर इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन और गीता रामेश्वर ट्रस्ट की सहभागिता में देश के प्रख्यात सेलेब्रिटी लेखक और स्तंभकार चेतन भगत के व्याख्यान के साथ होगा. कार्यक्रम में प्रवेश सबके लिए निशुल्क और खुला रहेगा लेकिन पहले आएं पहले पाएं के आधार पर ही प्रवेश संभव होगा. अभियान के तहत 30 जनवरी तक विभिन्न सामाजिक संगठनों की भागीदारी में 10 बड़े आयोजन होंगे. संस्था सेवा सुरभि के संयोजक ओमप्रकाश नरेडा, निकेतन सेठी, मोहन अग्रवाल एवं अतुल शेठ ने बताया कि गुरुवार को बास्केटबाल काम्प्लेक्स में देश के प्रख्यात लेखक चेतन भगत करीब 20 विभिन्न कॉलेजों के युवा छात्र-छात्राओं से रु-बरु होकर उनसे देश के लिए मैं क्या कर सकता हूँ विषय पर दिलचस्प संवाद करेंगे। कार्यक्रम में शहर के अनेक प्रबुद्धजन, शिक्षाविद एवं लेखक भी शामिल होंगे। इंडिया गेट की प्रतिकृति पर 16 जनवरी से सुबह 8 से 10 बजे के बीच स्कूली बच्चे राष्ट्रभक्ति से प्रेरित अपनी प्रस्तुतियां देंगे। यह क्रम 25 जनवरी तक जारी रहेगा।

माहेश्वरी समाज के निर्विरोध अध्यक्ष बने मंत्री

इंदौर. सत्यनारायण मंत्री (पप्पू भैया) माहेश्वरी समाज इंदौर जिला के अध्यक्ष होंगे. आज निर्वाचन प्रक्रिया के तहत एक मात्र नामांकन प्राप्त होने पर निर्वाचन समिति उन्हें निर्वाचित घोषित कर दिया. उनके निर्वाचन से माहेश्वरी समाज इंदौर में भी बिना चुनाव सर्वानुमति से चुनाव का सिलसिला प्रारम्भ हो गया है. चुनाव समिति के राधाकिशन सोनी व महेश तोतला ने बताया कि पूर्व अध्यक्ष रामस्वरूप धूत के असामयिक निधन के पश्चात नए अध्यक्ष के लिए निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी. नामांकन भरने की अंतिम तिथि तक मात्र एक नामांकन प्राप्त हुआ था. जांच के बाद आज दोपहर सत्यनारायण मंत्री (पप्पू भैया) को निर्वाचित घोषित कर दिया गया. उनके निर्वाचन के बाद कई वरिष्ठ समाज सेवियों ने उन्हें बधाई दी है. समाज के मंत्री मुकेश असावा एवं प्रचार मंत्री अजय सारडा ने बताया कि चुनाव के लिए राजेश सोमानी भी प्रत्याशी थे लेकिन जोधपुर महाकुंभ में महासभा के सभापति संदीप काबरा के आह्वान के बाद वरिष्ठ सहयोगियों से सलाह कर उन्होंने अपना नामांकन प्रस्तुत नहीं करते हुए समाज के प्रति समर्पण की मिसाल प्रस्तुत की है. मंत्री का नामांकन भरने हेतु वरिष्ठ समाजसेवी रामस्वरूप मूंदड़ा, संजय मानधन्या, भरत तोतला, सुनील मालू, ओमप्रकाश पसारी, केदार हेड़ा, नीलेश सारड़ा, मनीष बिसानी, घनश्याम कासट सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित थे. इस अवसर पर सत्यनारायण मंत्री ने राजेश सोमानी का स्वागत किया एवं उनके समर्पण के लिए आभार व्यक्त किया.

मकर संक्रांति का पर्व मनाया

इंदौर. नवरत्न बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मन्दिर में महंत मंगलदास महाराज खाकी के सानिध्य में मकर संक्रान्ति का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया. मन्दिर पर भक्तों ने तिल गुड़ के लड्डुओ का दान किया. महाआरती में बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल हुए.

विभिन्न योजनाओं को लेकर निगम का आज से अभियान

विधानसभा वार शिविर आज से

निगम के संकल्प से समाधान अभियान को लेकर आयुक्त ने ली बैठक

नव भारत न्यूज

इंदौर. नगर निगम शहर के सभी वार्डों में विधानसभा वार संकल्प से समाधान अभियान चलाएगा. इसके तहत राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय विभिन्न योजनाओं का लाभ जनता को समय सीमा में उपलब्ध कराने की नीति है.

आज सिटी बस कार्यालय में आयुक्त क्षितिज सिंघल ने विधानसभा वार आयोजित होने वाले 'संकल्प से समाधान अभियान' के शिविरों को लेकर बैठक ली. आयुक्त ने बताया कि अभियान के प्रथम चरण में आज से 10 फरवरी तक हर विधानसभा वार वार्ड स्तरीय समितियों का गठन कर नगर निगम के सभी 85 वार्डों में शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं के आवेदन लिए जाएंगे. अभियान में नगर निगम द्वारा विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय योजनाओं जैसे विभिन्न पेंशन योजनाएं, पीएम स्वनिधि योजना, अविवादित संपत्तियों के नामांतरण, भवन अनुज्ञा प्रमाण-पत्र सहित लगभग 13 सेवाओं के लिए आवेदन लिए जाएंगे. साथ ही उनका त्वरित निराकरण किया जाएगा.

इसके अतिरिक्त स्वच्छ एवं शुद्ध जल प्रदाय हेतु जल सुनवाई द्वारा पानी से संबंधी समस्याओं के आवेदन लेकर उनका समाधान किया जाएगा. आयुक्त सिंघल ने बताया कि अभियान के द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरणों में योजनाओं के आवेदनों का निराकरण करने का शत-प्रतिशत लक्ष्य निर्धारित किया गया है. बैठक में सभी अपर आयुक्त, उपायुक्त, विभाग प्रमुख, समस्त जोनल अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी, सहायक यंत्री, उप यंत्री एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे.

इस तरह चलेगा समाधान अभियान

संकल्प से समाधान अभियान चार चरणों में संचालित किया जाएगा. प्रथम 12 जनवरी से 15 फरवरी तक, द्वितीय 16 फरवरी से 16 मार्च, तृतीय 16 से 25 मार्च तथा चतुर्थ चरण 26 से 31 मार्च तक चलेगा. यह अभियान 12 जनवरी 2026 (युवा दिवस) से प्रारंभ होकर 31 मार्च तक पूरा किया जाएगा.

इन कर्मचारियों को करना होंगे आवेदन

वार्ड स्तरीय शिविरों में नोडल अधिकारी, उप यंत्री (जनकार्य एवं पीएचई), बिल कलेक्टर, स्वास्थ्य एवं उद्यान दरोगा, सामुदायिक संगठक, झोन प्रभारी, वार्ड प्रभारी, वार्ड सहायक, कम्प्यूटर ऑपरेटर सहित अन्य संबंधित स्टाफ की उपस्थिति में आवेदन लिए जाएंगे. निगम के प्रत्येक झोन अंतर्गत वार्डों में आयोजित होने वाले ये शिविर विधानसभा/झोन/वार्ड अनुसार सुबह 10 बजे से आयोजित किए जाएंगे.

ऑटो से ड्यूटी आने-जाने से मना किया तो चालक ने किया हंगामा

अस्पताल में महिला कर्मचारी से गाली-गलौज

स्टॉफ से मारपीट कर की तोड़फोड़

नव भारत न्यूज

इंदौर. बाणगंगा थाना क्षेत्र में महिला से मारपीट और अस्पताल परिसर में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है. ड्यूटी पर ऑटो से आने-जाने से मना करने पर एक ऑटो चालक ने महिला कर्मचारी से गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी, बल्कि अस्पताल के स्टाफ के साथ मारपीट कर ड्रेसिंग रूम का कांच भी तोड़ दिया. पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है. श्वेता जैन, उम्र 37 वर्ष, निवासी महालक्ष्मी नगर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है. बताया कि वह महाराणा प्रताप अस्पताल में कार्यरत है. सतीश जैन उर्फ गोलू नामक व्यक्ति पूर्व में उसे रोज अपने ऑटो से ड्यूटी पर लाने-ले जाने का काम करता था, लेकिन दो-तीन दिन पहले उसने यह सुविधा लेने से मना कर दिया था. पुलिस को बताया कि दोपहर करीब 12.30 बजे आरोपी अस्पताल परिसर में पहुंचा और इसी बात को लेकर चिल्ला-चोंट करने लगा. आरोपी ने महिला कर्मचारी को मां-बहन की गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी.

फुट स्टेप उठाकर गेट के कांच पर दे मारा

आक्रोशित आरोपी ने अस्पताल के ड्रेसिंग रूम के गेट के पास रखा फुट स्टेप उठाकर गेट के कांच पर दे मारा, जिससे कांच टूटा और नुकसान हुआ. आरोपी ने फरियादी के साथ साथ मौके पर मौजूद स्टाफ सदस्य सौरभ बंसल व गार्ड लालता प्रसाद के साथ भी मारपीट की. अस्पताल परिसर में अफरा तफरी मच गई. थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर का कहना है कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

सिगरेट लाने से मना करने पर किया सीनियर्स ने जूनियर्स पर हमला

ओरिएंटल कॉलेज में सीनियर्स की दबंगई

गाली-गलौज और मारपीट के बाद जान से मारने की धमकी

नव भारत न्यूज

इंदौर. बाणगंगा थाना क्षेत्र स्थित ओरिएंटल कॉलेज में सीनियर छात्रों की दबंगई का मामला सामने आया है. सिगरेट और अन्य सामान मंगवाने का विरोध करने पर सीनियर छात्रों ने जूनियर छात्रों के साथ न सिर्फ गाली गलौज की, बल्कि जमकर मारपीट भी की. पीड़ित छात्र की शिकायत पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

18 वर्षीय छात्र ओरिएंटल कॉलेज में अध्ययनरत है. उसने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्तों केशव जोशी, शिवनारायण यादव और रोहन कुमार सिंह के साथ कॉलेज परिसर में मौजूद था. इसी दौरान कॉलेज हॉस्टल में रहने वाले तीन सीनियर छात्र वहां पहुंचे. आरोप है कि सीनियर छात्रों ने रौब दिखाते हुए जूनियर छात्रों से कहा कि वे उनसे जब भी सिगरेट या अन्य सामान मंगवाएंगे, उन्हें लाकर देना होगा. इस पर प्रणव और उसके दोस्तों ने साफ तौर पर इनकार कर दिया. इतना सुनते ही आरोपी सीनियर छात्र भड़क गए और जूनियर छात्रों के साथ गाली गलौज शुरू कर दी. विरोध करने पर आरोपियों ने प्रणव और उसके साथियों के साथ मारपीट की, जिससे कॉलेज परिसर में अफरा-तफरी मच गई.

शोर सुनकर अन्य छात्र आए तो आरोपी भाग गए

शोर शराबा सुन आसपास मौजूद छात्र जुटने लगे, तो आरोपी मौके से भाग निकले. जाते जाते आरोपियों ने धमकी दी कि आज तो बच गए, लेकिन आगे उनकी बात नहीं मानी तो जान से खत्म कर देंगे. डरे सहमे छात्र थाने पहुंचे और पूरी घटना की शिकायत दर्ज कराई. पीड़ित की रिपोर्ट पर तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ मारपीट, गाली गलौज और धमकी की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है. थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर का कहना है कि शिकायत आई हैं, उसके आधार जांच की जा रही ही, अनुशासन भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी.

फर्जी रजिस्ट्री व करोड़ों के लोन घोटाले में धमकाया

- भू-माफियाओं ने केस वापस लेने का बनाया दबाव
- बुजुर्ग डॉक्टर दंपती के घर में घुस दी जान से मारने की धमकी

नव भारत न्यूज

इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र में करोड़ों की जमीन धोखाधड़ी के आरोपियों की दबंगई सामने आई है. फर्जी रजिस्ट्री और बैंक लोन के मामले में घिरे भू-माफियाओं ने अब बुजुर्ग डॉक्टर दंपत्ति को घर में घुसकर धमकाया और पुलिस प्रकरण वापस लेने का दबाव बनाया. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है.

लसूड़िया थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी ने बताया कि बालाघाट में रहने वाले 71 वर्षीय फरियादी डॉ. राजरानी खरे ने शिकायत में बताया कि चिकित्सक नगर स्थित उनके प्लॉट नंबर 148 पर उनका आवासीय भवन है.

वे अपने पति डॉ. शिशिर खरे के साथ भवन परिसर में मौजूद थीं, तभी तीन युवक वहां पहुंचे. इनमें से एक ने अपना नाम रईस शेख बताया, जबकि उसके साथ आए दो अन्य युवकों के नाम जावेद और जुनैद बताए. फरियादी ने यह भी बताया कि रईस शेख ने खुद को दबंग अंदाज में पेश करते हुए कहा कि उसने उक्त संपत्ति अपने नाम करा ली है और आपने दर्ज कराया गया पुलिस केस तुरंत वापस लेना होगा. आरोपियों ने धमकी देते हुए कहा कि यदि केस नहीं हटाया तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा. आरोपियों ने यह भी कहा कि पुलिस उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकती.

जमीन की दो फर्जी रजिस्ट्री तैयार कर लिया लोन

डॉ. राजरानी खरे ने पुलिस को यह भी बताया कि यही लोग उनकी जमीन की दो फर्जी रजिस्ट्री तैयार कर अलग-अलग बैंकों से करीब 1 करोड़ 70 लाख रुपये का लोन उठा चुके हैं. इस पूरे फर्जीवाड़े का खुलासा तब हुआ, जब संबंधित बैंक ने उनके भवन पर नोटिस चस्पा किया. इसके बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी. सोनी ने बताया कि फर्जी रजिस्ट्री और धोखाधड़ी के मामले में पहले से दर्ज केस के चलते आरोपी दबाव बना रहे थे. अब घर में घुसकर धमकी देने के मामले में भी आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है. मामले में थाना प्रभारी का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सख्त कार्रवाई की जाएगी.

स्पष्ट उद्देश्य से लिए निर्णय राष्ट्र को देते हैं सही दिशा

आईएमए इंटरनेशनल मैनेजमेंट कॉन्क्लेव की थीम का अनावरण

इंदौर. इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित 33वें आईएमए इंटरनेशनल मैनेजमेंट कॉन्क्लेव 2026 की थीम का गरिमामय अनावरण होटल रेडिसन में सफलतापूर्वक किया गया. यह अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रतिष्ठित कॉन्क्लेव 27 एवं 28 फरवरी को ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर, इंदौर में आयोजित होगा.

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वैजयंती आश्रम, वृंदावन से आए पुंडरिक गोस्वामी महाराज का प्रेरणादायी उद्बोधन रहा. उन्होंने अपने संबोधन में धर्म, नैतिकता और आधुनिक प्रबंधन के बीच संतुलन पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और हमारे ग्रंथों में प्रबंधन और नेतृत्व से जुड़ी गहरी समझ मौजूद है.

रामायण के उदाहरणों के माध्यम से उन्होंने बताया कि मूल्य आधारित सोच और आत्मिक चेतना ही सशक्त और स्थायी नेतृत्व की नींव है. आज के प्रतिस्पर्धी वैश्विक वातावरण में केवल तकनीकी ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है. मानवीय संवेदनाओं, नैतिक मूल्यों और स्पष्ट उद्देश्य के साथ लिए गए निर्णय ही समाज और राष्ट्र को सही दिशा दे सकते हैं.

नेतृत्व निर्माण का सशक्त मंच

आईएमए के पदाधिकारियों ने बताया कि आईएमए इंटरनेशनल मैनेजमेंट कॉन्क्लेव आज विचार-विमर्श, ज्ञान-विकास, नेटवर्किंग और नेतृत्व निर्माण का एक सशक्त मंच बन चुका है. यह आयोजन प्रबंधन जगत को नई सोच और नई ऊर्जा प्रदान करता है.

इस अवसर पर आईएमए इंटरनेशनल मैनेजमेंट कॉन्क्लेव 2026 की थीम का औपचारिक अनावरण किया गया. यह थीम वर्तमान प्रबंधन चुनौतियों, भविष्य की संभावनाओं और नेतृत्व की नई सोच पर केंद्रित है. कॉन्क्लेव में देश-विदेश से आने वाले प्रतिष्ठित वक्ता, उद्योग विशेषज्ञ, नीति-निर्माता एवं शिक्षाविद अपने अनुभव और विचार साझा करेंगे.

भक्तों ने आयोजित किया संकल्प पूर्ति यज्ञ

इंदौर. संत गजानन महाराज पारायण सेवा समिति लोकमान्य नगर द्वारा साउथ तुकोगंज स्थित नाथ मंदिर पर चातुर्मास के दौरान गजानन सिद्ध मन्त्र गण गण गणात बोते के जाप की सफलता और देशभर के भक्तों द्वारा 400 करोड़ जप की आहुति प्रदान करने और उसमें इंदौर के भक्तों द्वारा डेढ़ करोड़ बार सिद्ध जाप करने के उपलक्ष्य में संकल्प पूर्ति यज्ञ का अनुष्ठान पूरे उत्साह के साथ आयोजित किया गया.

अनुष्ठान में इंदौर सहित उज्जैन, बडवानी, मंदसौर, देवास आदि जिलों से आए भक्तों ने आचार्य तुषार जोशी के निर्देशन में अभिषेक के पश्चात अग्नि प्रज्वलित कर 11 कुण्डीय यज्ञ में आहुतियाँ समर्पित की. सेवा समिति की प्रदेश विभाग प्रमुख सौ. हर्षिता राहुल भराड़े ने बताया कि इस जाप में देशभर के भक्तों ने 450 करोड़ जाप करने का कीर्तिमान बनाया. डेढ़ करोड़ जाप इंदौर के भक्तों ने भी सिद्ध किए. चातुर्मास समाप्ति के पश्चात इस संकल्प की पूर्ति हेतु यह अनुष्ठान नाथ मंदिर संस्थान पर आयोजित किया गया. सुबह सूरज की पहली किरण के साथ चार प्रमुख यजमानों ने वैदिक मंत्रों के बीच शुभारंभ किया. करीब 800 भक्तों ने इस अनुष्ठान में भाग लिया जिनका समिति की ओर से सम्मान भी किया गया. नाथ मंदिर के आनंद भट्ट ने बताया कि गजानन महाराज और माधवनाथ महाराज, दोनों समकालीन रहे हैं।

एक नजर में

लक्ष्मीनारायण महायज्ञ की पूर्णाहुति पर उमड़ा भक्तों का सैलाब

सनातन धर्म एवं संस्कृति की मजबूती के लिए पांच संकल्प

इंदौर. बंगाली चौराहा स्थित मैदान पर गत 8 जनवरी से चल रहे विराट लक्ष्मीनारायण महायज्ञ की पूर्णाहुति के अवसर पर बुधवार को करीब 50 हजार श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला की परिक्रमा का पुण्यलाभ उठाया, वहीं यज्ञ के सूत्रधार महंत कृष्णगोपाल दास महाराज एवं काशी से आए यज्ञाचार्य पं. पुष्कर पांडे सहित देश के करीब 35 संतों, महंतों और विद्वानों की मौजूदगी में सनातन धर्म एवं संस्कृति को सुदृढ़ बनाने के लिए पांच संकल्प भी व्यक्त किए.

बुधवार को जैसे ही यज्ञ शाला में श्रीसूक्त की 7.5 लाख वीं और पुरुषसूक्त की भी 7.5 लाख वीं आहुति संपन्न हुई, समूची यज्ञ शाला और यज्ञ स्थल यज्ञ देवता एवं लक्ष्मीनारायण के जयघोष से गूंज उठे.

आयोजन समिति के देवव्रत पाटीदार, राम कलसंग्रह एवं अलकेश सोलिया ने बताया कि

पंचमुखी धाम आगरोद के अधिष्ठाता महंत कृष्णगोपाल दास महाराज के साथ द्वारकाधीश मंदिर बनारस के आचार्य परमानन्द महाराज, उज्जैन के महंत सियाराम दास महाराज एवं रामअवध दास महाराज, बुरहानपुर के महामंडलेश्वर स्वामी रामदास महाराज, हनुमानगढ़ी अयोध्या के महंत गोविंददास, बद्रीनाथ धाम से महंत गोविन्ददास, वृंदावन से आए मनमोहन दास महाराज, विरक्त साधु समाज मंडल के अध्यक्ष तेरा भाई त्यागी आश्रम के महामंडलेश्वर रामबालक दास रामायणी, निर्मोही अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी केशवदास महाराज, महंत भरतदास महाराज, फौजी बाबा रामकृपाल दास, हरिद्वार के महंत रामदास, महंत रघुनाथ दास, महंत विजय दास, वृंदावन के तपोनिष्ठ संत महंत सुखराम दास महाराज सहित करीब 35 संत धर्म सभा के मंच पर मौजूद रहे जिन्होंने एक स्वर से सनातन धर्म एवं हिंदू संस्कृति को और अधिक संगठित तथा सुदृढ़ बनाने के साथ ही अपनी कमजोरियों को भी रेखांकित किया. संतों ने महंत कृष्ण गोपाल दास महाराज के आह्वान पर सभी यजमान युगलों एवं यज्ञ स्थल पर मौजूद 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को उक्त संकल्प दिलाते हुए आह्वान किया कि वे सनातन धर्म की रक्षा के लिए तैयार रहें.

अभिमंत्रित श्रीयंत्र का भी वितरण

समापन अवसर पर करीब 1100 भक्तों को अभिमंत्रित श्रीयंत्र का भी वितरण किया. पूर्णाहुति के अवसर पर आरएसएस के वरिष्ठ विनीत नवाथे, विनय पिंगले, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा, पार्षद प्रणव मंडल, दिनेश सोनगरा, राजेश उदावत, पुष्पेन्द्र पाटीदार सहित अनेक जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे. भोजन व्यवस्था प्रभारी नानूराम कुमावत एवं बलराम पाटीदार ने बताया कि महायज्ञ में बुधवार को करीब 50 हजार श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की थी.

दास बगीची पर शहर के 12 रामायण व भजन मंडलों से जुड़े गायकों ने दीं प्रस्तुतियां

इंदौर. पश्चिम क्षेत्र स्थित दास हनुमान बगीची पर बीती रात शहर के धार्मिक क्षेत्र में पहली बार 12 रामायण एवं भजन मंडलों ने हनुमानजी एवं जय सियाराम बाबा की साक्षी में पूरी रात अपने मनोहारी भजनों की प्रस्तुतियां देकर अपनी श्रद्धा-आस्था को अभिव्यक्त किया. सैकड़ों श्रद्धालुओं ने इस अवसर पर एक से बढ़कर एक भजनों के माध्यम से सुबह 6 बजे तक अपनी भक्ति भावना का ऐसा समां बांधा कि शीतलहर भी भक्तों का हौंसला नहीं डिगा सकी. दास बगीची स्थित राम रामायण मंडल के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में मंगलवार को सुबह 10 बजे अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ हुआ. जय सियाराम बाबा स्मृति ट्रस्ट की ओर से कैलाश कुसुमाकर, वीरेन्द्र गुप्ता एवं मंदिर के पुजारी पं. देवेन्द्र तिवारी ने रामायण पाठ में शामिल भक्तों की अगवानी की. दिनभर रामायण पाठ की सुमधुर मंगल ध्वनि का क्रम समूचे परिसर में गूंजता रहा. बुधवार को सुबह इस अखंड पाठ का विराम हुआ. इसके पूर्व मंगलवार को ही रात 8 बजे से शहर के 12 रामायण एवं भजन मंडलों के कलाकारों ने दास बगीची के पावन परिसर में आकर अपनी भजनांजलि प्रस्तुत की. आश्रम ट्रस्ट परिवार के अशोक पटेल, सत्यनारायण शर्मा, रामनिवास सांखला, मनोहर लिम्बोदिया, विमल पाणिग्रही, भीमराज राठोर, हरिश्चंद्र यादव एवं दिलीप विजयवर्गीय सहित जय सियाराम बाबा संस्कृत विद्यापीठ के ब्राह्मण, वेदपाठी बटुकों और अन्य भक्तों ने अपनी उत्साहपूर्ण मौजूदगी दर्ज कराई.

दिंडोशी (बोरीवली डिवीजन) में सिटी सिविल कोर्ट में गोरेगांव, मुंबई

शॉर्ट कॉज सूट नंबर 701 ऑफ 2023

रिलायंस ब्रॉडकास्ट नेटवर्क लिमिटेड)
कंपनी अधिनियम के प्रावधानों के तहत निगमित एक कंपनी जिसका कार्यालय स्थित है)
503, 5वीं मंजिल, एआरसी प्लाजा इंडस्ट्रियल एस्टेट)
48, ओशिवारा गांव, जोगेश्वरी (पश्चिम), मुंबई 400 102)
श्री सुरेश श्रीपत कांबले, उम्र 56 वर्ष, सी.ए.)
वादी के)

.....वादी

बनाम

मेसर्स राजपाल रॉयल मोटर्स)
कार्यालय 293/2, निरंजनपुर, देवास नाका,)
एबी रोड, इंदौर, मध्य प्रदेश-452018)

....प्रतिवादी

कृपया ध्यान दें कि, इस माननीय न्यायालय में एच.एच. प्रथम प्रधान न्यायाधीश श्री एस.एस. गोसावी, कोर्ट रूम नंबर 01 में 21-01-2026 को सुबह 11.00 बजे उपरोक्त नाम के वादी द्वारा निम्नलिखित राहतों के लिए आवेदन किया जाएगा.

क) कि यह माननीय न्यायालय एक डिक्री, आदेश और निर्देश जारी करे, जिसमें प्रतिवादियों को कुल 2,77,469/- रुपये की राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया जाए, जिसमें से 2,08,624/- रुपये मूलधन और 68,845/- रुपये उस पर 18% प्रति वर्ष की दर से गणना किया गया ब्याज है, जैसा कि दावे के विवरण के अनुसार 30 अक्टूबर, 2022 तक है और उसके बाद, मुकदमा दायर करने की तारीख से भुगतान तक ऐसी दर और ऐसी शर्तों पर जैसा कि यह माननीय न्यायालय उचित समझे।

ख) कि उपरोक्त प्रार्थना (क) के संदर्भ में अंतरिम और अंतरिम राहतें;

ग) कि इस मुकदमे का खर्च प्रदान किया जाए;

घ) कि ऐसी अन्य और अतिरिक्त राहतें प्रदान की जाएं, जिनकी मामले की प्रकृति और परिस्थितियों के अनुसार आवश्यकता हो।

दिनांक 07 जनवरी, 2026 हस्ताक्षर/-
सीलर रजिस्ट्रार के लिए
सिटी सिविल कोर्ट, दिंडोशी

सुशील एस. उपाध्याय
वादी के वकील
कार्यालय:- 6-A, 6-B, दूसरी मंजिल, ओल्ड ओरिएंटल बिल्डिंग, नागिंदास मास्टर रोड, स्टर्लिंग ज़ेरॉक्स सेंटर के ऊपर, फोर्ट, मुंबई - 4000 01
संपर्क नंबर: 9870041591
ई-मेल: sushilupadhyay09@gmail.com